## संपादकीय

# सड़क पर रहने वाले बच्चों के राष्ट्र निर्माता बनने की राह

**अनेकों योजनाओं और कानूनी प्रावधानों के बावजूद स्ट्रीट चिल्ड्रेन की समस्या इसलिए बनी रही क्योंकि अब तक हम इसे सामाजिक समस्या के तौर पर देखते रहे हैं और हमने कानूनी पहलू से स्ट्रीट चिल्ड्रेन की समस्या को देखा ही नहीं।**

**जिस गति से देश में शहरीकरण हो रहा है उससे निश्चित ही देश की विकास यात्रा स्पष्ट तौर पर दिखाई देती है किंतु इन्हीं विकसित हो रहे शहरों की सड़कों पर देश के भविष्य की राह को पुष्ट करने वाला बचपन धूमिल होता दिखना भी हमारे समाज की सच्चाई है, जिससे किसी भी सूरत में इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे क्या कारण हो सकते हैं जब देश में बच्चों के लिए अनेकों योजनाएं हैं साथ ही संविधान और विभिन्न कानून भी उन्हें विकास के समान अवसर देते हैं, फिर भी वह सड़कों पर जीवन व्यतीत करने को मजबूर है। विकास और सामाजिक पिछड़ेपन का यह एक ऐसा द्वंद है जिसका समाधान खोजे बिना हम देश के विकास को नई दिशा नहीं दे सकते। बच्चों का सड़क पर इस तरह से जीवन व्यतीत करना बड़े स्तर पर उनके संवैधानिक अधिकारों का उलंघन है जिसका समग्र दुष्प्रभाव उनके मानसिक, शारीरिक और शैक्षणिक विकास पर पड़ता है और अंत में उसका भुगतान देश को करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान की दिशा में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के द्वारा किया गया एक समग्र प्रयास है। जब हम अभावग्रस्त जीवन व्यतीत करने वाले बच्चों की बात करते हैं तो हमारे समक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एक ऐसा उदाहरण मौजूद हैं जिन्होंने अभावग्रस्त जीवन जिया है और वह उस भाव को समझते हैं कि किस तरह अभावग्रस्त बचपन में संघर्ष कर मुख्यधारा में शामिल होकर देश के विकास में अपना सहयोग दिया जा सकता है। आयोग ने उनके जीवन और शब्दों से प्रेरणा लेकर यह तय किया कि यदि शुद्ध अंतकरण से हम कार्य करेंगे तो केवल असंभव शब्द ही असंभव रह जाता है बाकी सब संभव हो जाता है। कुछ भी असंभव नहीं है और यही वह समय है जब हम यह तय कर सकें कि जो बच्चे सड़क पर हैं उन्हे घर मिलना चाहिए और यह उनका अधिकार है।**

**इस ओर आगे बढ़ने के लिए यह उचित समय था जब हमारे पास 2 लाख से ज्यादा ऐसे बच्चों की जानकारी उपलब्ध थी जो सड़कों पर जीवन व्यतीत करने को बाध्य हैं। इन बच्चों को कैसे समाज की मुख्यधारा से जोड़ सकें इसके लिए 1 वर्ष से हम लोगों ने आयोग के बाहर और अंदर सतत रूप से कार्य किया है। इस दौरान बच्चों से उनकी स्थिति में मिलकर उनसे बात की और उनकी समस्याओं को दर्ज किया जिससे कि उनके समाधान की राह बनाई जा सके। इसके साथ ही इस एसओपी को बनाने में राज्य बाल आयोगों ने अपने महत्वपूर्ण विचार दिए हैं। अनेकों योजनाओं और कानूनी प्रावधानों के बावजूद स्ट्रीट चिल्ड्रेन की समस्या इसलिए बनी रही क्योंकि अब तक हम इसे सामाजिक समस्या के तौर पर देखते रहे हैं और हमने कानूनी पहलू से स्ट्रीट चिल्ड्रेन की समस्या को देखा ही नहीं। इससे लगातार इन बच्चों के अधिकार तय करने वाले कानूनों का उलंघन होता रहा और यह विकास की धारा में शामिल नहीं हो सके। जब हम उन बच्चों की बात करते हैं जो अभावग्रस्त जीवन जी रहे हैं, सड़क पर जीवन व्यतीत कर रहे हैं या बाल मजदूरी से पीड़ित हैं तो असल में स्ट्रीट चिल्ड्रेन ऐसी श्रेणी है जिसमें सभी तरह के बाल अधिकारों का हनन होने की प्रबल संभावना बनी रहती है फिर चाहे वह शारीरिक हो या मानसिक।**

**इन्हीं सब सवालों और समस्याओं के समाधान का मार्ग तलाशने के लिए जब आयोग ने प्रयास शुरू किए तो कई ऐसे तथ्य सामने आए जिससे हमें यह विश्वास हुआ कि देश में ऐसे बच्चों को भी सही भविष्य देने के लिए तंत्र मौजूद है जो किन्हीं अप्रत्याशित कारणों से सड़क पर जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं।** *-प्रियंक कानूनगो*

# राज्यों को इस महीने अपने हिस्से का कर मिलेगा, केन्द्र की तरफ से जारी होंगे 95,028 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि राज्यों का पूंजीगत व्यय बढ़ाने में मदद करने को केंद्र इस महीने कर हिस्से के तौर पर उन्हें 95,082 करोड़ रुपये की राशि जारी करेगा, जिसमें एक अग्रिम किस्त भी शामिल होगी। सीतारमण ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों एवं वित्त मंत्रियों के साथ हुई एक बैठक के बाद यहां संवाददाताओं को बताया कि संकलित कर राजस्व में हिस्सेदारी के तौर पर राज्यों को केंद्र से दी जाने वाली राशि इस बार दोगुनी होगी। इसकी वजह यह है कि राज्यों ने केंद्र से अनुरोध किया था कि एक महीने का अग्रिम भुगतान मिलने से उन्हें पूंजीगत व्यय में सहायता मिलेगी।

सीतारमण ने कहा, मैंने वित्त सचिव से कहा है कि राज्यों के हिस्से की सामान्य 47,541 करोड़ रुपये की राशि दिए जाने के बजाय 22 नवंबर को उन्हें एक महीने की अग्रिम किस्त भी दे दी जाए। इस तरह राज्यों को उस दिन 95,082 करोड़ रुपये जारी कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक महीने का कर हिस्सा अग्रिम तौर पर मिलने से राज्यों के पास पूंजीगत व्यय के लिए अतिरिक्त राशि होगी जिसका इस्तेमाल वे ढांचागत आधार खड़ा करने में कर सकते हैं।

वित्त सचिव टी वी सोमनाथन ने कहा कि फिलहाल संग्रहीत कर का 41 प्रतिशत राज्यों को 14 किस्तों में दिया जाता है और राज्यों को अपनी नकद आवक के बारे में अनुमान भी होता है। सोमनाथन ने कहा कि यह एक अग्रिम भुगतान होगा और किसी भी तरह का समायोजन मार्च में किया जाएगा। सीतारमण के साथ हुई इस बैठक में 15 मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और तीन राज्यों के उप-मुख्यमंत्री शामिल हुए। अन्य राज्यों का प्रतिनिधित्व उनके वित्त मंत्रियों ने किया।

सीतारमण ने कहा, कोविड-19 की दूसरी लहर के बाद आर्थिक वृद्धि में आई मजबूती के संदर्भ में यह बैठक हुई है। हालांकि यह वक्त वृद्धि को बनाए रखने और इसे दोहरे अंकों में ले जाने के तरीकों पर ध्यान देने का भी है। उन्होंने कहा कि इस बैठक में निवेश और विनिर्माण एवं कारोबारी गतिविधियों से संबंधित मुद्दों पर राज्यों की राय जानने की कोशिश भी की गई।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि हाल ही में शुरू हुई राष्ट्रीय मौद्रिकरण पाइपलाइन योजना में सिर्फ केंद्र सरकार की परिसंपत्तियां रखी गई हैं और राज्यों की परिसंपत्तियों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है।।हालांकि, उन्होंने कहा कि राज्यों के पास भी कई ऐसी परिसंपत्तियां हैं जिनका मौद्रिकरण किया जा सकता है। इससे मिलने वाली पूंजी का इस्तेमाल नए आधारभूत ढांचे के निर्माण एवं प्राथमिकता वाले सामाजिक क्षेत्रों में किया जा सकता है।

बैठक के बाद जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक वित्त मंत्री ने भारत को आने वाले वर्षों में सबसे तेज उभरती अर्थव्यवस्था बनाने में राज्यों से मदद देने का अनुरोध करते हुए कहा कि निवेश के लिए आकर्षण बढ़ाकर और कारोबारी सुगमता सुनिश्चित करने वाले कदम उठाकर ऐसा किया जा सकता है। बैठक में राज्यों की तरफ से भी निवेश को बढ़ाने के लिए कई सुझाव दिए गए।

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में ललित गोयल गिरफ्तार, रियल एस्टेट के हैं बड़े कारोबारी



**नई दिल्ली** । रियल एस्टेट समूह आईआरईओ के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ललित गोयल को मनी-लॉन्ड्रिंग के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। ये कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब चार दिन की पूछताछ के बाद की है।

देश छोड़कर जा रहे थे गोयल : ईडी के लुकआउट नोटिस के आधार पर बीते दिनों ललित गोयल को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोका गया था। आव्रजन अधिकारियों ने बताया कि गोयल अमेरिका की उड़ान में सवार होने वाले थे, इससे पहले पकड़ लिया गया।

ललित गोयल के खिलाफ, लगभग सात करोड़ 70 लाख अमेरिकी डॉलर की कथित हेराफेरी से जुड़े धन शोधन के मामले में जांच चल रही है। गोयल का नाम पैंडोरा पेपर लीक मामले में भी सामने आया था।

## स्वदेश लौटते ही बुरी तरह फंसे क्रिकेटर हार्दिक पड्या , कस्टम विभाग ने जब्त की 5 करोड़ की 2 घड़ियां



**नई दिल्ली।** हार्दिक पंड्या इस समय खराब दौर से गुजर रहे हैं। न तो उनका बल्ला चल रहा है और न ही उनके दिन। यूएई में हुए आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने के बाद भारत लौट रहे क्रिकेटर हार्दिक पांड्या पर कस्टम विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। बीती रात कस्टम विभाग के अधिकारियों ने पांड्या को मुंबई एयरपोर्ट पर रोक लिया, उनके पास से दो महंगी घड़ियां मिली थीं। जब अधिकारियों नें पांड्या से घड़ियों के बारे में पूछा तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। अधिकारियों का कहना है कि क्रिकेटर हार्दिक पांड्या घड़ियों का बिल भी नहीं दिखा पाए, जिसके बाद विभाग ने दोनों घड़ियों को जब्त कर लिया। दोनों कलाई घड़ियों की कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। हार्दिक की इन 2 घड़ियों ने इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है।

हार्दिक के पास इन घड़ियों का बिल नहीं था और उन्होंने घड़ियों को डिक्लेयर भी नहीं किया था। इसके बाद मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने हार्दिक पांड्या की 5 करोड़ की दो घड़ियां जब्त की हैं।

हार्दिक पांड्या का रिएक्शन आया सामने

हार्दिक पांड्या ने ट्वीट कर सफाई दी है। उन्होंने लिखा, 15 नवंबर की सुबह दुबई से मुंबई पहुंचने पर मैं खुद दुबई से जो सामान खरीदकर लाया था, उसकी कस्टम ड्यूटी चुकाने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद कस्टम काउंटर पर गया था। मेरे बारे में सोशल मीडिया पर गलत जानकारी फैलाई जा रही है। मैंने खुद को सारे सामान की जानकारी एयरपोर्ट पर मौजूद कस्टम अधिकारियों को दी है। पांड्या ने आगे लिखा, कस्टम डिपार्टमेंट ने मुझसे सभी दस्तावेज मांगे हैं। वो फिलहाल, सही ड्यूटी का मूल्यांकन करने में जुटे हैं। मैं पूरी ड्यूटी भरने को तैयार हूं और सोशल मीडिया पर जो घड़ी की कीमत 5 करोड़ बताई जा रही है, वो गलत है। घड़ी 1.5 करोड़ रुपए की है। हार्दिक पांड्या टी-20 वर्ल्ड कप में गेंद और बल्ले के साथ बुरी तरह फ्लॉप रहे हैं और पांच मैचों की तीन पारियों में 69 रन ही बना पाए हैं।


## एलआईसी के आईपीओ का खत्म हुआ इंतजार, दिसंबर में ड्राफ्ट पेपर जमा करेगी बीमा कंपनी!

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम के आईपीओ का इंतजार कर रहे निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, एलआईसी दिसंबर महीने में आईपीओ के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट पेपर सब्मिट करेगी।

दिसंबर के पहले सप्ताह तक बाजार नियामक के पास आईपीओ प्रॉस्पेक्टस का ड्राफ्ट सब्मिट किए जाने की संभावना है। हालांकि, एलआईसी की ओर से अब तक आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। बहरहाल, ड्राफ्ट सब्मिट होने के बाद करीब एक से डेढ़ माह तक का समय लग सकता है। ऐसे में एलआईसी का आईपीओ जनवरी के आखिरी सप्ताह या फरवरी माह में आने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक बैंकर्स अगले सप्ताह एलआईसी के आईपीओ में संभावित एंकर निवेशकों तक पहुंचना शुरू कर देंगे। बैंकर्स यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि देश की सबसे बड़ी शेयर बिक्री के लिए पर्याप्त मांग हो। जानकारों के मुताबिक 10 बैंकों के साथ लगभग 100 वैश्विक निवेशकों के नामों की सूची को साझा किया गया है।

इसे देश का सबसे बड़ा आईपीओ माना जा रहा है। इसके जरिए सरकार एलआईसी में अपनी 10 फीसदी से ज्यादा की हिस्सेदारी बेच सकती है।

## वार्नर आईपीएल-2022 की नीलामी में सबसे ज्यादा मांग वाले खिलाड़ी होंगे : गावस्कर



**नई दिल्ली।** क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि हाल ही में समाप्त हुए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में अपनी सफलता के बाद ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर आईपीएल-2022 की नीलामी में सबसे अधिक मांग वाले खिलाड़ियों में से एक होंगे। वार्नर का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 सीजन में एक अप्रभावी रन था और आकर्षक टूर्नामेंट के दुबई फेज के उत्तरार्ध में सनराइजर्स हैदराबाद द्वारा उन्हें बाहर कर दिया गया था। इंडिया लेग के दौरान उनसे कप्तानी छीन ली गई थी।

हालांकि, वार्नर टी20 विश्व कप में सात पारियों में 48.16 के औसत से 289 रन के साथ दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में उभरे। उन्होंने सुपर 12 फेज के मैच में श्रीलंका के खिलाफ 65 रनों की पारी खेली। इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 89 और सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 49 रनों की पारी ने उनकी टीम को वैश्विक गौरव के शिखर पर पहुंचा दिया। फाइनल में उनका 53 रन मिशेल मार्श (नाबाद 77) के लिए सही सहयोग साबित हुआ, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप का ताज हासिल करने के लिए कुल 173 रनों का पीछा किया।

गावस्कर ने कहा कि अगर सनराइजर्स हैदराबाद अगले साल उन्हें रिटेन नहीं करने का फैसला करता है, तो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को मोटी रकम मिलेगी।

गावस्कर ने कहा, निश्चित रूप से (मांग किए गए खिलाड़ियों में से वह एक होंगे)। यह मत भूलें कि दो नई टीमें भी हैं। उनके पास अनुभव है, उनमें नेतृत्व के गुण भी हैं। वह मैदान पर बहुत ऊजार्वान होते हैं। वह निश्चित रूप से दो नई टीमों या किसी अन्य टीम द्वारा वांछित लोगों में शीर्ष पर होंगे, क्योंकि ऐसा नहीं लगता कि सनराइजर्स उन्हें बरकरार रखने जा रही है।

## अजय देवगन की सिंघम 3 में दिखेंगे रणवीर सिंह और अक्षय कुमार



सिंघम फ्रेंचाइजी की फिल्मों का बॉलीवुड में अपना दबदबा रहा है। इस फ्रेंचाइजी की अब तक दो फिल्में बन चुकी हैं। इनमें सिंघम और सिंघम रिटर्न्स का नाम शामिल है। पिछले कुछ समय से सिंघम 3 को लेकर चर्चा चल रही है। हाल में जानकारी सामने आई थी कि रोहित शेट्टी और अजय देवगन जल्द इस फिल्म की घोषणा करेंगे। अब ऐसी चर्चा है कि इस फिल्म में रणवीर सिंह और अक्षय कुमार भी नजर आएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, सिंघम 3 में रणवीर और अक्षय भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगे। सूत्र ने बताया कि रोहित की कॉप यूनिवर्स के दो और हीरो रणवीर और अक्षय फिल्म में नजर आने वाले हैं। कहा जा रहा है कि वे दोनों फिल्म के क्लाइमेक्स सीन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। रिपोर्ट की मानें तो उनका किरदार उसी तरह का होगा, जैसे फिल्म सूर्यवंशी में अजय और रणवीर ने काम किया है।

एक सूत्र ने कहा था, फिल्म सिंघम गोवा की पृष्ठभूमि पर आधारित थी। इसकी अगली कड़ी सिंघम रिटर्न्स मुंबई की पृष्ठभूमि पर बनी थी। अब रोहित और अजय चीजों को अगले स्तर पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सिंघम 3 आतंकवाद की पृष्ठभूमि पर आधारित है। सूत्र ने आगे बताया कि इस फिल्म में हीरो आतंकवादी संगठनों को पकड़ने के लिए पाकिस्तान की यात्रा करता है।

## बंटी और बबली 2 ने सिद्धांत चतुर्वेदी के सपनों को किया सच



अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने साझा किया है कि कैसे उनकी आगामी फिल्म बंटी और बबली 2 ने प्रतिष्ठित यशराज फिल्म्स के साथ काम करने के उनके सपने को पूरा किया है। 2019 में जब उन्होंने फिल्म के लिए अपनी यात्रा शुरू की थी, सिद्धांत ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की थी, जिसमें वह स्टूडियो के बाहर एक चाय के स्टॉल खड़े थे।

अभिनेता ने कहा, वाईआरएफ स्टूडियो के साथ मेरा बहुत लंबा रिश्ता है। मेरे कॉलेज के दिनों में, मेरे बहुत सारे दोस्त ऑडिशन और इंटर्नशिप के लिए स्टूडियो आते थे, इसलिए अगर मैं कभी उनके साथ जाता, तो मैं हमेशा एक चाय की टपरी पर बाहर उनका इंतजार करता।

उन्होंने आगे कहा कि मेरे दोस्तों ने मुझे अंदर आने के लिए बहुत कहा था, लेकिन मैं कभी अंदर नहीं गया क्योंकि मेरा यह सपना था कि मुझे आदित्य चोपड़ा सर द्वारा आमंत्रित किया जाए।

## आज का राशिफल

**मेषः मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन धन के मामले में काफी भाग्यशाली हो सकता है। आज आप पैसे बचाने में सफल रहेंगे।**

**वृषभः वृष राशि वालों के लिए आज का दिन थोड़ा सा प्रतिकूल हो सकता है। वे जातक जो घर बैठ कर काम करने की सोच रहे थे। उन्हें बॉस का बुलावा आ सकता है और उनके आराम में खलल पड़ सकती है।**

**मिथुनः मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन और इंतजार करने वाला हो सकता है। सरकारी विभागों में कार्य करवाने के आज आपके प्रयास व्यर्थ जा सकते हैं।**

**कर्कः कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन नई ऊर्जा से कार्य करने का है। आज आपको भाग्य का साथ प्राप्त होगा।**

**सिंहः सिंह राशि के जातक आज समय निकालकर अपने अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। किसी भी तरह की लापरवाही या आज्ञा का पालन ना करना आपको बर्दाश्त नहीं होगा।**

**कन्याः कन्या राशि के जातकों को आज लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा। गलत कार्यों की तरफ आप बढ़ सकते हैं।**

**तुलाः तुला राशि के जातक आज अपने काम का स्वयं बखान करने की कोशिश करेंगे। ऐसा करने से उनका समय और ऊर्जा दोनों ही नष्ट होंगे।**

**वृश्चिकः वृश्चिक राशि के जातकों को उनके गलत कामों की वजह से उच्च अधिकारियों की बातें सुननी पड़ सकती हैं। ध्यानपूर्वक काम करें तो सही रहेगा और आपके कार्य भी समय से पूर्ण होंगे।**


**धनुः धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन क्रिएटिविटी वाला हो सकता है। अपरंपरागत तरीकों के प्रयोग से लाभ होगा।**

**मकरः मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन धन वृद्धि वाला है। कलात्मक अभिव्यक्ति में वृद्धि होगी।**

**कुंभः कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन थोड़ा सा मुश्किल वाला हो सकता है। आज आपको ऐसा मुश्किल काम सौंपा जा सकता हैं।**

**मीनः मीन राशि के जातक आज खुश रहेंगे। अधिक काम को साहसपूर्वक पूरा कर पाएंगे। निर्धारित लक्ष्य हासिल कर पाने से मान सम्मान में बढ़ेगा।**

## टेस्टी अखरोटी दही वड़े



दही वड़े वैसे तो खास मौकों पर ही घरों में बनाए जाते हैं लेकिन आप इसे ऐसे भी जब मन चाहे बनाकर खा सकते हैं। तो आज हम सीखेंगे सॉफ्ट और टेस्टी दही वड़े की रेसिपी।

### सामग्री :

**वड़े बनाने की सामग्री-** 3/4 कप उड़द दाल, 1/4 टीस्पून हींग, 1 टीस्पून अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट, नमक-स्वादानुसार, 2 कप बारीक कटे अखरोट

**दही का मिश्रण बनाने की सामग्री-** 1 कप फेंटा हुआ दही, 2 कप चीनी, चुटकी भर काला नमक, तलने के लिए तेल, ऊपर से छिड़कने के लिए लाल मिर्च पाउडर, 1 टीस्पून भुना जीरा पाउडर, 2 टेबलस्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया

### विधि :

वड़े बनाने के लिए दाल को धोकर दो घंटे के लिए भिगो दें। दाल को छानकर करीब 1/4 कप पानी के साथ मिक्सी जार में डालकर पीस लें।

इस पीसी हुई दाल को बोल में निकालें। इसमें हींग, अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट, नमक, अखरोट और 1.5 टेबलस्पून पानी डालकर अच्छी तरह मिलाएं। कड़ाही में तेल डालें। लैडल की मदद से मिक्सचर को डालें। इसे सुनहरा होने तक डालें।


गर्म पानी में नमक डालें। इसमें वड़ों को डालकर 20 मिनट तक भीगने दें।

हाथों से दबाकर वड़ों को प्लेट में निकालें। दही में चीनी, काला नमक, सफेद नमक, चीनी और जीरा मिलाकर चलाएं। इसे वड़ों के ऊपर डालें, साथ ही लाल मिर्च पाउडर और ऊपर से धनिया डालकर सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 261

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 260 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सू-दोकू- 261

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.260 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |